वित्तीय दिशा निर्देश 2012–13

कार्यक्रम का नाम– World Population Day Activity

बजट/एफ०एम०आर० शीर्ष– A.3.5
बजट क्रम संख्या/एफ०एम०आर० कोड संख्या : A.3.5.3

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण :

बिहार का कुल प्रजनन दर वर्ष 2010 SRS आँकड़ों के अनुसार 3.7 हो गया है जो कि अभी भी देश में सर्वाधिक है। बिहार में अधिकांश परिवार नियोजन ऑपरेशन दिसम्बर से मार्च के मध्य सम्पन्न किये जाते है। वर्ष भर नियमित रूप से परिवार नियोजन ऑपरेशन नहीं करने के फलस्वरूप वांछित लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पाती हैं। इसको ध्यान रखते हुये ''जनंसख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा'' का अयोजन गत दो वर्षो से किया जा रहा है। इसके माध्यम से राज्य के प्रखण्डों, जिला मुख्यालयों एवं राज्य स्तर पर जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

इकाई राशि (रू० में)– जिलावार बजट संलग्न

वित्तीय दिशा निर्देश :
इस कार्यक्रम अन्तर्गत निम्नाकिंत पहलुओं को ध्यान रखते हुये उपरोक्त राशि का व्यय किया जाना है।

1. प्रखंड एवं जिला स्तर पर स्कूल/कॉलेज के बच्चों के साथ एक दिन का प्रभातफेरी एवं दिनांक 11 जुलाई 2012 से 31 जुलाई 2012 तक परिवार कल्याण कार्यक्रम संबंधी स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाना है। इसका विधिवत उद्घाटन जिला स्तर पर दिनांक 11 जुलाई 2012 को सुनिश्चित किया जाना है। इसके अन्तर्गत रैली में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों के लिए Refreshment का प्रावधान भी है।
2. परिवार कल्याण ऑपरेशन तथा Spacing Methods हेतु चिकित्सको एवं चिकित्साकर्मियों का दल चिन्हित कर पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्य करने हेतु विभिन्न पूर्व चिन्हित केन्द्रो पर प्रतिनियुक्त करने की आवश्यकता है।
3. ''जनंसख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा'' के अनुश्रवण हेतु जिला स्तर पर एक दल गठित कर एक–एक दल के सदस्यों को अलग–अलग क्षेत्र अनुश्रवण हेतु आवंटित करेंगे।
4. कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार हेतु सामग्री जिला एवं क्षेत्र में सभी उपयुक्त स्थानों पर बैनर आदि प्रदर्शित करवाना सुनिश्चित करेंगे।
5. इस पखवाड़ा अन्तर्गत कॉपर–टी संस्थापन एवं बंध्याकरण हेतु वाहन भत्ता/प्रोत्साहन राशि के रूप में `100/– प्रेरक को दिये जाने का प्रावधान है।

निष्कर्ष/विवरणी : ''जनंसख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा'' के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु पखवाड़ा के पूर्व पत्र के माध्यम से रूप–रेखा आदि की विस्तृत जानकारी सभी जिलों को उपलब्ध करा दी जायेगी। इसके आयोजन हेतु परिवार कल्याण प्रभाग, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार से सम्पर्क किया जा सकता है।

अनुलग्नक– Fund Allocation "World Population Fortnight" Year 2012

संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारी/उप–निदेशक का नाम – डॉ० ए. के., शाही,/सुबोध जायसवाल
संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारी/उप–निदेशक का फोन नं० : 9470003017/9431005971

SKumar